# जीतो महिला विंग द्वारा स्वर-संगीत कार्यक्रम का आयोजन

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ चैप्टर के अंतर्गत जीतो महिला विंग द्वारा स्किल डेवलपमेंट के तहत समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनके हुनर को निखारने के उद्देश्य से एक स्वर-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने समाज की छिपी हुई प्रतिभाओं को बड़े मंच तक पहुंचने का मौका दिया और बेहतरीन गायकों को सामने लाने का कार्य किया। राजाजी नगर स्थित जीतो कार्यालय में, जीतो महिला विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना के नेतृत्व में आयोजित इस फिनाले में जीतो नॉर्थ से चयनित कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों को गायकी में निखार लाने के लिए



कई मूल मंत्र सिखाए। पिंकी जैन ने सभी को संगीत की गहराई को समझने की शिक्षा दी। निशा सामर ने नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया, और बृजेश ने गीत के साथ ध्यान और भाव से जुड़ने का महत्व समझाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गायकों को उनके हर पहलू में निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने का था। यह प्रतियोगिता 6 जनवरी को ऑनलाइन प्रारंभ हुई, जिसमें 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से चयनित 10 श्रेष्ठ प्रतिभागियों ने फिनाले में अपनी प्रस्तुति दी। फिनाले में कविता एच ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शेफाली कोठारी द्वितीय स्थान पर रहीं, और बीजल एम शाह तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र से किया गया। संचालन महामंत्री रक्षा छाजेड़ ने किया, जबकि अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना ने सभी का स्वागत किया। संयोजिका साधना धोखा और सह संयोजिका नेहा भंडारी ने निर्णायकों का परिचय कराया। कार्यक्रम की व्यवस्था संगीता नागोरी ने संभाली। जीतो नॉर्थ महिला विंग की मेंटर रेशमा पुनमिया, उपाध्यक्ष सुमन सिंघवी और सुमन वेद मुथा, कोषाध्यक्ष तनुजा मेहता सहित 100 से अधिक सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहमंत्री मीना बडेरा ने व्यक्त किया। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ चैप्टर के चेयरमैन विमल कटारिया और महामंत्री विजय सिंघवी के मार्गदर्शन और प्रेरणा का प्रभाव इस कार्यक्रम की सफलता में स्पष्ट रूप से झलकता रहा।

# कैंसर जागरूकता अभियान के तहत जांच शिविर का आयोजन

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित कैंसर जागरूकता अभियान के तहत तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा जीटी मॉल के पास मंगलवार को कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। अध्यक्ष मंजू गादिया ने कैंसर जागरूकता अभियान के प्रारूप की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में रविंद्र फाउंडेशन के अध्यक्ष एच रविंद्र, टीपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत मांडोत, टीपीएफ साउथ जोन के अध्यक्ष विक्रम कोठारी, तेरापंथ सभा विजयनगर के अध्यक्ष मंगल कोचर, तेयुप विजयनगर के अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा मंत्री संजय भटेवरा, अणुव्रत समिति दक्षिणांचल के सह मंत्री राजेश चावत, टीपीएफ वेस्ट के अध्यक्ष



ललित बैंगाणी की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में एमएस रम्मैया हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर लक्ष्मी नारायण एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 250 महिलाओं के कैंसर संबंधित विभिन्न जांच की गई। जिसमें लगभग 35 महिलाओं की मेमो ग्राफी टेस्ट, 30 महिलाओं का पेप्स मेर टेस्ट तथा लगभग 200 महिलाओं के स्क्रीनिंग एवं अन्य कैंसर संबंधी टेस्ट किए गए। मंडल द्वारा रोगियों को मुफ्त दवा भी वितरित की गई जिसमें भेरुलाल, सुनील, भरत बाफना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। महिला मंडल विजयनगर द्वारा डॉक्टरों की टीम का सम्मान करते हुए उन्हें उपहार दिए गए। शिविर के सफल आयोजन में संयोजिका मेघना हिरण का विशेष श्रम रहा। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी बहनें उपस्थित थी। शिविर के सफल आयोजन में सहयोगी सभी का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन मंत्री दीपिका गोखरू ने व्यक्त किया।

# श्री सिवांची ओसवाल जैन संघ गदग का 14वां स्नेह मिलन आयोजित

गदग/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री सिवांची ओसवाल जैन संघ गदग का 14वां स्नेह मिलन समारोह स्थानीय शिवानंद कल्याण भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाभार्थी परिवार का ढोल एवं फूलों द्वारा स्वागत हुआ। समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा ध्वजारोहन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेंगलूरु के अशोक रांका पधारे थे। गदग से सभा अध्यक्ष दलीचंद कवाड़ एवं संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल कवाड़ व वरिष्ठ नागरिक जवाहरलाल बाफना के स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात सम्मेलन के लाभार्थी परिवार



जवाहरलाल बन्दामुथा परिवार का स्वागत हुआ। सिवांची ओसवाल जैन संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल कवाड़ ने संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। सिवांची महिला फेडरेशन द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं संघ के बच्चों द्वारा टैलेंट हंट का एक नायाब कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिससे सभी मंत्रमुग्ध हो गए। सिवांची यूथ फेडरेशन के सहयोग से सभी कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण संकलेचा ने किया।

# पगारिया जेबीएन वी प्रेन्यूर्स की बैठक आयोजित

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। पगारिया जेबीएन वी प्रेन्यूर्स ने चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में एक बेहद आकर्षक और प्रभावशाली बैठक का आयोजन किया। यह जीवंत महिलाओं का रेफरल समूह एकत्र हुआ, ताकि वे आपसी व्यवसाय साझा कर सकें, पेशेवर संबंधों का विस्तार कर सकें और सहयोगात्मक व्यवसायिक वृद्धि को बढ़ावा दे सकें। बैठक की शुरुआत नवकार मंत्र के जाप से हुई, जिससे एक सकारात्मक और केंद्रित माहौल बना। विद्या अनुभव स्कूल की संस्थापक राजुल जैन ने अपनी 8 मिनट की प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने बच्चों के प्रति गहरे प्रेम और स्कूल शुरू करने की यात्रा साझा की। उन्होंने अपनी पहली छात्रा की कहानी सुनाई,




जिसके माता-पिता ने उन पर पूरा भरोसा दिखाया और वही छात्रा उनकी अविश्वसनीय यात्रा की शुरुआत बनी। उन्होंने अपने स्कूल की विशेष शिक्षण पद्धतियों को उजागर किया, जो इसे अन्य स्कूलों से अलग बनाती हैं। यह सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में बुनियादी शिष्टाचार और जीवन कौशल विकसित करने पर भी जोर देती है। उनकी समर्पित और नवीन सोच ने सभी को प्रेरित किया। बैठक में विशेष अतिथि अवधि चौहान ने एक बेहद जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने इंस्टाग्राम को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी जानकारी साझा की, जैसे प्रभावशाली बायो कैसे लिखें, क्या तत्व जरूरी हैं, और बिक्री बढ़ाने की रणनीतियां। उनका सत्र व्यावहारिक जानकारी से भरपूर, संक्षिप्त, और बेहद उपयोगी था। सदस्यों ने 30 सेकंड के व्यवसाय प्रस्तुति के बॉलीवुड गाने या डायलॉग की थीम पर प्रस्तुत किया, जिसने उनकी रचनात्मकता और उद्यमशीलता को प्रदर्शित किया। बैठक का नेतृत्व रेफरल हेड नीलम शांड, रेफरल लीड लताशा भंडारी, रेफरल सेक्रेटरी ज्योति कोचट्टा ने किया। सर्वश्रेष्ठ 30 सेकंड व्यवसाय प्रस्तुति के लिए शीतल जैन और ज्योति कोचट्टा, सर्वश्रेष्ठ पोशाक के लिए चेतना जैन को विशेष पुरस्कार दिए गए। लीडरशिप टीम ने अवधि चौहान को उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद दिया। बैठक की उपहार सहयोगी राजुल जैन विद्या अनुभव स्कूल की संस्थापक रहीं। बैठक में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सहयोग और एकता की भावना को बल मिला व सदस्यों के बीच 1,86,525 के व्यापार के साथ सत्र का समापन राष्ट्रगान से हुआ।



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। *राज न्यूज एवं राज म्यूजिक के संयुक्त तत्वाधान में बेंगलूरु माउंट कार्मल कॉलेज खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा राज प्रीमियर लीग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने वक्तव्य में कहा खेल को खेल की भावना से खेलें। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# हनुमंतनगर ज्ञान शाला के वार्षिकोत्सव का आयोजन

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। हनुमंतनगर ज्ञान शाला के वार्षिकोत्सव का आयोजन युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी सिद्ध प्रभा जी के पावन सानिध्य में तेरापंथ भवन, हनुमंतनगर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी के नमस्कार महामंत्र के मंत्रोचार द्वारा हुई।

प्रशिक्षका बहनों द्वारा मंगला चरण किया गया। साध्वी सिद्ध प्रभा जी ने बताया बदलते जमाने की जरूरत है अच्छे संस्कार और उन्हें पूरा करती हैं ज्ञान शाला। माता पिता बच्चों को ज्ञानशाला भेजने में प्रमाद न करें, इसे



प्राथमिकता दें। प्रशिक्षक के श्रम की सराहना करते हुए हनुमंत नगर से बैरागी तैयार करने की प्रेरणा दी। साध्वी मलयवशाजी, आस्थाप्रभा, दीक्षाप्रभा जी द्वारा बदले ये जमाना सुमधुर गीतिका का संगान किया। साध्वी दीक्षाप्रभा जी ने बताया कि आज की पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी के लिए ज्ञानशाला की जरूरत है। सभा अध्यक्ष गौतम दक एवं ज्ञानशाला आंचलिक संयोजक माणक संचेती ने अपने विचार रखे। ज्ञान शाला संयोजिका मंजू दक ने ज्ञानशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। ज्ञान शाला के लगभग 50 बच्चों ने गीतिका और नाटक द्वारा रोचक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर तेयुप अध्यक्ष कमलेश झाबक, मंत्री संदीप चौधरी, राहुल मेहता, नवरतन बोल्या, किशोर मण्डल संयोजक जिंनेश धोका, सहसंयोजक नीव चौधरी का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम का सुंदर संचालन ज्ञानशाला ज्ञानार्थी इशा, मोक्षा, मुक्ति मेहता ने किया।



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। *मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर श्याम ज्योति पाठ महिला मंडल की सदस्यों ने बुधवार को श्री गुरुकुल विद्या पीठ अनाथ आश्रम में बच्चों को जरूरत का सामान दिया व भोजन करा कर सेवा का लाभ लिया।*

# वरिष्ठ आईएएस मनोज जैन को जैन भारत रत्न से किया सम्मानित



हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो। वरूर स्थित नवग्रह तीर्थ पर राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 गुणधरनंदी जी व अन्य पूज्य साधु भगवन्तों के दिव्य सानिध्य में 15 से 26 जनवरी तक आयोजित हुए भगवान पार्श्वनाथ जी के महा मस्तकाभिषेक समारोह व सुमेरु पर्वत के उद्घाटन समारोह के दौरान वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व कर्नाटक सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मनोज जैन को समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के हाथों जैन भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ आईएएस मनोज जैन कर्नाटक कैडर में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होकर राज्य की सेवा में अपना पूरा सहयोग दे रहे है। साथ ही अल्पसंख्यक समाज और जैन धर्म के लिए सदैव आगे रह कर कार्य करते हैं। उनकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 गुणधरनंदी के सानिध्य जैन को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्वस्तिश्री 105 धर्मसेना भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी, जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामस्तकाभिषेक समारोह समिति के महामंत्री महेन्द्र सिंघी, भारतीय जनता पार्टी कोटा के अध्यक्ष राकेश जैन, प्रचार समिति के विमल तालिकोटि, संतोष पाटिल सहित समारोह में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीजेएस ने किया केकेआर टीम में शामिल युवा क्रिकेटर लवनीत सिसोदिया का सम्मान



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) विजय नगर चैप्टर द्वारा समाज के योग्य युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करने के क्रम में आईपीएल में केकेआर टीम में शामिल हुए लवनीत सिसोदिया का अभिनंदन कर प्रोत्साहित किया गया। बीजेएस की वरिष्ठ पदाधिकारी मधु तातेड़ ने बताया कि हमें ऐसे सम्मान समारोह आयोजित करने पर गर्व है। हम अपने प्रतिष्ठित खेल व्यक्तित्वों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जश्न मनाने और सामाजिक स्तर पर अपनी प्रशंसा व्यक्त करने के लिए एकत्र होते हैं। उन्होंने बताया कि यह बहुत खुशी की बात है कि लवनीत सिसोदिया को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया है, जो आईपीएल केकेआर टीम के लिए चुने गए एक असाधारण क्रिकेटर हैं, जिनका बीसीसीआई के लिए खेल में प्रेरणादायक सफर कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बीजेएस अध्यक्ष सुरेश कानूंगा, बेंगलूरु प्रभारी सुनील लोढ़ा, शंकर दक, पृथ्वीराज श्रीश्रीमाल द्वारा लवनीत को मेमेंटो भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर तथा हर्ष के साथ उत्तरोत्तर प्रगति का आशीर्वाद प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# संतश्री गणेशलालजी की 63वीं पुण्यतिथि पर हजारों लोगों को कराया भोजन

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। मैसूर बैंक सर्कल स्थित श्रीहनुमान मंदिर के समीप में श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक बेंगलूरु (रजि.) द्वारा प्रतिमाह की अमावस्या को आयोजित की जाने वाली महाप्रसादी का 84वां आयोजन बुधवार को संपन्न हुआ, जिसमें करीब साढ़े तीन हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों ने प्रसाद पाया।

समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन की जानकारी देते हुए महामंत्री उगमराज चोपड़ा ने बताया कि इस बार महाप्रसाद समिति के सदस्यों द्वारा सामूहिक सहयोग से खद्दरधारी, कर्नाटक गजकेसरी पूज्य संतश्री गणेशलाल जी की 63वीं पुण्य तिथि के अवसर पर रखा गया, जिसमें समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों का



समन्वय पूर्वक योगदान शामिल रहा। चोपड़ा ने बताया कि इस दौरान महाप्रसादी में सेवा देने वालों में स्वयं समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, मुकेश कांटेड़, अनिल पोकरणा, बाबू, राजू आंचलिया, अशोक शर्मा, मंजूनाथ राव, ऋषभ देवड़ा, राजेश कातरेला, यशवंत सालेचा, सुरेश कातरेला, रितु संचेती, गौतम छाजेड़, रोहित शर्मा, मनु बाफना एवं सुरेश मुथा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में संतश्री को याद कर सामूहिक नवकार मंत्र का उच्चारण व मंगल पाठ किया गया। उन्होंने बताया कि महाप्रसादी का वितरण हर मास की अमावस्या पर अनेक लाभार्थी परिवारों की ओर से मैसूर बैंक सर्किल, एवेन्यू रोड पर सफलता पूर्वक होता है। समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल ने अन्नदान के दौरान करीब चार से पांच घंटे तक के कार्यक्रम में सेवा देने वाले समस्त जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया।

# मुडा घोटाला मामले में ईडी ने 300 करोड़ रुपये मूल्य की 160 साइटें जब्त कीं

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 50:50 अनुपात के फार्मूले के तहत नियमों का उल्लंघन कर विभिन्न व्यक्तियों को आवंटित की गई 160 साइटों को जब्त कर लिया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने कहा कि सभी साइटों को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है, क्योंकि बड़ी रकम से जुड़े बेनामी लेनदेन के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने कहा कि मार्गदर्शन मूल्य के आधार पर इन साइटों का मूल्य 81 करोड़ रुपये है, जबकि इनका बाजार मूल्य 300 करोड़ रुपये से अधिक है। ईडी ने रवि के नाम पर पंजीकृत 31 साइटें, अब्दुल वाहिद के नाम पर 41 साइटें, कैथेड्रल सोसायटी के नाम पर 40 साइटें और विभिन्न अन्य व्यक्तियों से संबंधित 48 साइटें जब्त की हैं। जांच से पता चला है कि मुडा ने 11 सितंबर, 2023 को रवि




के नाम पर एक ही दिन में 31 साइटें पंजीकृत कीं। इनमें से 12 साइटें कुवेम्पुनगर में स्थित हैं, जबकि 19 दत्तागल्ली और विजयनगर में हैं। सूत्रों ने आगे बताया कि अब्दुल वाहिद के नाम पर 8 मार्च, 2023 को 25 साइटें पंजीकृत की गईं और 1 अक्टूबर, 2023 को तीन और साइटें पंजीकृत की गईं। ईडी ने साइटों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सब-रजिस्ट्रार के कार्यालय को जब्ती आदेश भेजा है। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि लगभग 3,000 से 4,000 साइटें, जिन्हें दशकों से इंतजार कर रहे गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को आवंटित किया जाना था, सभी नियमों का उल्लंघन करके और दस्तावेजों के जालसाजी के माध्यम से मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के समर्थकों को दे दी गईं। इससे पहले, ईडी को उस समय झटका लगा था जब न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने सोमवार को मुडा भूमि घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की पत्नी बी.एम. पार्वती और शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश को ईडी द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। पीठ ने ईडी की कार्रवाई की जल्दबाजी पर भी सवाल उठाया था और आदेश पारित करते हुए पूछा था आखिर इतनी जल्दी क्या है? मामले में दूसरे आरोपी के रूप में नामित मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की पत्नी पार्वती को मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री के करीबी मंत्री बिरथी सुरेश को सोमवार को ईडी अधिकारियों के समक्ष पेश होना था। हाईकोर्ट ने ईडी के समन पर 10 फरवरी तक रोक लगा दी है। हालांकि, सीएम सिद्धरामैया को झटका देते हुए ईडी ने 17 जनवरी को मुडा घोटाले के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 300 करोड़ रुपये के अनुमानित बाजार मूल्य वाली 14 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया। इस मामले में सीएम सिद्धरामैया आरोपी नंबर एक हैं और मुडा के जरिए अवैध आवंटन करवाने वाले अन्य लोगों के खिलाफ भी जांच की जा रही है। उनकी पत्नी बी.एम. पार्वती दूसरी आरोपी हैं। ईडी ने एक बयान में कहा सीएम सिद्धरामैया की पत्नी बी.एम. पार्वती को मुआवजा स्थलों के अवैध आवंटन में पूर्व मुडा आयुक्त डी.बी. नटेश की भूमिका सामने आई है। जांच के दौरान की गई तलाशी में यह भी पता चला कि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की पत्नी बी.एम. पार्वती को आवंटित 14 स्थलों के अलावा बड़ी संख्या में स्थल अवैध हैं। ईडी ने कहा कि पार्वती को मुडा द्वारा अवैध रूप से रियल एस्टेट व्यवसायियों को मुआवजे के रूप में आवंटित किया गया है, जिन्होंने बदले में इन साइटों को भारी लाभ पर बेच दिया है और भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी अर्जित की है।

# किसी भी स्थिति में सीएम सिद्धरामैया के साथ खड़े रहेंगे: परमेश्वर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के मामले में हाईकोर्ट के सुरक्षित फैसले से उत्पन्न किसी भी स्थिति में वह मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के साथ खड़े रहेंगे। मुडा मामले में सीएम सिद्धरामैया को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उनकी पत्नी दूसरी आरोपी हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए परमेश्वर से पूछा गया कि क्या वह सभी परिस्थितियों में सीएम सिद्धरामैया का समर्थन करेंगे। जवाब में उन्होंने कहा इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा फैसला आने दीजिए। जब फैसला सुनाया जाएगा, तभी पता चलेगा। चूंकि मामला आदेश के लिए सुरक्षित है, इसलिए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। आदेश प्रकाशित होने के बाद, आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। जब सभी विधायकों द्वारा सीएम सिद्धरामैया के साथ खड़े होने और उनके खिलाफ कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताए जाने के बारे में पूछा गया, तो परमेश्वर ने कहा हम दावा करते रहे हैं कि मुडा मामला राजनीति से प्रेरित है और भाजपा राजनीतिक इरादों से इसे आगे बढ़ा रही है। बेंगलूरु में दूसरे हवाई अड्डे के प्रस्ताव के बारे में, जो पड़ोसी तुमकुरु - उनके मूल जिले में स्थित होगा, परमेश्वर ने कहा हमने मांग की है कि बेंगलूरु का दूसरा हवाई अड्डा तुमकुरु जिले में स्थापित किया जाए। यह उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र के लिए फायदेमंद होगा। तुमकुरु राज्य के 22 जिलों के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। इन सभी जिलों को लाभ होगा, और हवाई अड्डे को देवनहल्ली में बेंगलूरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आसानी से जोड़ा जा सकता है। हालांकि, हमें तकनीकी पहलुओं पर विचार करना होगा। तुमकुरु तक मेट्रो सेवा विस्तार के बारे में उन्होंने कहा हैदराबाद की एक कंपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रही है। इसे अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। एक बार यह प्रस्तुत हो जाने के बाद, हम सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत परियोजना को लागू करेंगे। सरकार कोई निवेश नहीं करेगी। डीपीआर तैयार होने के बाद, हम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार से संपर्क करेंगे। चेतावनी के बावजूद पार्टी नेताओं द्वारा नेतृत्व पर बयान जारी करने के सवाल पर परमेश्वर ने कहा यह विधायकों और मंत्रियों पर लागू होता है। जब पार्टी आदेश जारी करती है, तो उसका पालन किया जाना चाहिए। हम उन लोगों को भी सूचित करेंगे जो पार्टी के मामलों के बारे में सार्वजनिक रूप से बोलना जारी रखते हैं। उन्होंने कहा नेतृत्व के मुद्दे पर निर्णय लेने से पहले आलाकमान सभी पार्टी विधायकों की राय लेता है। आमतौर पर, इस प्रक्रिया का पालन किया जाता है। राय एकत्र करने के बाद, आधिकारिक घोषणा करने से पहले बहुमत और अन्य विचारों जैसे कारकों पर चर्चा की जाती है।

# शिवकुमार की प्रभावशाली नेताओं को कांग्रेस में लाने की रणनीति जारी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने अन्य दलों के प्रभावशाली नेताओं को कांग्रेस में लाने की रणनीति जारी रखी है और कई नेताओं को लुभाया है। श्रीरामुलु को भाजपा से दूर करने के लिए पर्दे के पीछे प्रयास जारी हैं और शिवकुमार ने तुरुवेकेरे के पूर्व विधायक मसाला जयराम को कांग्रेस में शामिल होने का निमंत्रण दिया है।



मंगलवार को मसाला जयराम डी.के. शिवकुमार के घर उनके बेटे की शादी का निमंत्रण देने पहुंचे। बताया जा रहा है कि इस अवसर पर डी.के. शिवकुमार ने कई नेताओं से चर्चा की और पार्टी में शामिल होने पर राय ली। मसाला जयराम को बेमेल कांताराजू द्वारा डी.के. शिवकुमार के घर लाया गया। कांताराजू ने कांग्रेस से और मसाला जयराम ने भाजपा से तुरुवेकेरे विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। ऐसा कहा जा रहा है कि डी.के. शिवकुमार के निर्देश पर कांताराजू ने अपना ध्यान अन्य निर्वाचन क्षेत्रों पर केंद्रित कर लिया है और इस बात पर भी चर्चा हुई है कि यदि मसाला जयराम कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उन्हें तुरुवेकेरे सीट छोड़नी होगी। बेमेल कांताराजू को डोड्डबल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया गया है।

कांताराजू की नजर दशरहल्ली या तुमकुरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों पर भी है, जहां डी.के. शिवकुमार के समर्थक पहले से ही काम कर रहे हैं।

तुमकुरु जिले की राजनीति में सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना और गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर सिद्धरामैया के गुट में दिखाई दिए हैं। तुमकुरु जिले में डीके शिवकुमार के पक्ष में कोई प्रभावशाली नेता नहीं है। इस प्रकार डी.के. शिवकुमार ने मसाला जयराम का दामन थाम लिया है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगर वे कांग्रेस में शामिल होते हैं तो डी.के. शिवकुमार की ताकत बढ़ जाएगी।

# सीएम ने कई वर्षों से लंबित 10,000 से अधिक मामलों के निपटारे पर प्रसन्नता व्यक्त की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने पिछले 18 महीनों में राजस्व न्यायालयों में लंबित 10,000 से अधिक मामलों के शीघ्र निपटारे पर प्रसन्नता व्यक्त की है, क्योंकि कुछ मामले 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं।

मुख्यमंत्री को राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने बुधवार को कृष्णा स्थित मुख्यमंत्री गृह कार्यालय में राज्य राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान बताया कि वर्तमान में तहसीलदार न्यायालयों में बमुश्किल ही मामले लंबित हैं। सिद्धरामैया ने हालांकि विभाग के अधिकारियों को आगाह किया कि निपटाए गए कुल मामलों की संख्या महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि निपटारे की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है, क्योंकि लोगों को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा यदि विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित सभी



मामलों का निपटारा गुणात्मक रूप से बेहतर होता, तो इससे पुनरीक्षण याचिकाओं की संख्या कम हो जाती और देरी खत्म हो जाती।

सिद्धरामैया ने राजस्व विभाग में स्वचालन के उपयोग में तेजी लाने के लिए मंत्री के प्रयासों की सराहना की, क्योंकि इससे अधिकांश मामलों में एक दिन के भीतर खाता हस्तांतरण कार्य पूरा करने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने भूमि परिवर्तन कार्य को एक महीने के भीतर पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि सरकार ने पहले ही उन स्थानों पर भूमि परिवर्तन प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए आवश्यक कानूनी बदलाव किए हैं, जहां मास्टर प्लान की तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक आदेश जारी करने का निर्देश देते हुए कहा पूरी प्रक्रिया पूरे राज्य में भूमि धारकों की मदद करेगी। सिद्धरामैया ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि मास्टर प्लान को नियमित आधार पर अपडेट और नवीनीकृत किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक समस्याओं से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि तहसीलदार न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी मामलों का निपटारा 3 महीने के भीतर किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप-मंडल स्तर पर मामलों का निपटारा तहसीलदार न्यायालयों में तेजी से निपटान के विपरीत मानक के अनुरूप नहीं है। राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उप-मंडल स्तर पर तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि बेंगलूरु डिवीजन में 18 विशेष उप-विभागीय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मंत्री ने बैठक में बताया कि सभी अनौपचारिक लेआउट के लिए खता जारी करना बंद कर दिया गया है और बिचौलियों के साथ-साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

# गरीबों, शोषितों और किसानों का जीवन नरक बनाने के लिए कुख्यात हैं कांग्रेसी: विजयेंद्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कांग्रेस और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि आलाकमान को खुश करने के लिए हिंदू धार्मिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों और विचारों का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना करना कांग्रेसियों की घिसी-पिटी मानसिकता को दर्शाता है। आपने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के पवित्र गंगा नदी में स्नान करने पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करके हिंदू धार्मिक आस्था का अपमान किया है। विजयेंद्र ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि वह आपके मुंह से निकलने वाले शब्दों से तंग आ चुके हैं। आजादी के बाद से ही कांग्रेसी नेहरू परिवार के पिट्ठू बनकर लोकतंत्र और संविधान के आदर्शों की धज्जियां उड़ाने तथा गरीबों, शोषितों, किसानों और मजदूरों के जीवन को नरक में धकेलने के लिए कुख्यात रहे हैं। इसी कारण कांग्रेस पतन की राह पर है, और इस बिंदु पर पहुंच गई है कि वह भारतीय राजनीतिक मानचित्र पर क्षेत्रीय दलों का मुकाबला भी नहीं कर सकती। ऐसी स्थिति में आप उस पार्टी के अध्यक्ष हैं, फिर भी हमें आप पर आदरपूर्वक दया आती है। आप ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानो आपने अपना अनुभव और वरिष्ठता किसी चापलूस पार्टी के पास गिरवी रख दी हो। उन्होंने आरोप लगाया है कि कर्नाटक में



कांग्रेस पार्टी का शासन इस बात का प्रमाण है कि जहां भी कांग्रेस की सरकार है, वहां भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, हत्या, जबरन वसूली, डकैती, बलात्कार और राष्ट्रविरोधी आतंकवादी गतिविधियां व्याप्त हैं। माइक्रोफाइनेंस के संकट के कारण गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हर दिन अपना घर छोड़ रहे हैं। कई मामलों में कर्जदार आत्महत्या कर रहे हैं, तथा दिनदहाड़े डकैती और बैंक डकैती बड़े पैमाने पर हो रही है। मुख्यमंत्री स्वयं मैसूरु मुडा घोटाले के अग्रिम पंक्ति के लाभार्थी हैं, और महिलाओं की लाइन में महिलाओं की मौत की खबर अभी तक आपके आलाकमान तक नहीं पहुंची है, जो महिलाओं से विहीन है। आपने अभी तक अपनी सरकार की बात सुनना नहीं सीखा है, जो इतनी क्रूर, मोटी चमड़ी वाली, गरीब विरोधी सरकार चला रही है।

मैं आपकी वरिष्ठता का सम्मान करता हूं। लेकिन उन्होंने इस बात पर अपनी नाराजगी व्यक्त की कि आपके शब्दों में राजनीतिक शब्दजाल और सांस्कृतिक शालीनता नहीं है, जिससे आपकी गरिमा कम हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में 10 वर्षों तक प्रभावी शासन दिया है और भारत को वैश्विक मंच पर ऊंचा स्थान दिलाया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने देश के अंदर उत्पात मचाने वाले और तबाही मचाने वाले आतंकवादी संगठनों को जड़ से उखाड़ फेंका है। यही कारण है कि भारत निर्माण की उनकी विजय यात्रा तीसरे कार्यकाल में भी तेजी से जारी है। विजयेंद्र ने कांग्रेस और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा है कि आप और आपके कांग्रेसी, जिन्हें यह बर्दाश्त नहीं है, वे हताशा में ऐसे बोल रहे हैं जैसे उन्होंने अपना विवेक खो दिया है, जो इस बात का सबूत है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्षी दल किस स्तर पर पहुंच गया है।

# महाकुंभ भगदड़ में प्रदेश के लोगों को सुरक्षित लाया जाएगा: सीएम

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुई भगदड़ में राज्य के कुछ लोग घायल हुए हैं, जहां महाकुंभ मेला चल रहा है, और उन सभी को सुरक्षित राज्य में वापस लाया जाएगा।

उन्होंने घटना के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि राज्य के लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि सरकार अपने लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और उन्हें वापस लाने के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कुंभ मेले में भाग लेने वाले कन्नड़ लोगों से थोड़ा सतर्क रहने की अपील की है। सुबह प्रयागराज में हुई भगदड़ में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर दुख हुआ। मैं मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। मैं घटना में घायल हुए लोगों और इलाज करा रहे लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गई और पचास से अधिक लोग घायल हो गए।

# भीषण आग में लाखों रुपए के वाहन जलकर खाक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य की राजधानी बेंगलूरु में बुधवार को भीषण आग लग गई, जिसमें जेडीएस कार्यालय के पास एक मैदान में 100 से अधिक वाहन जलकर खाक हो गए। जब्ती किए गए वाहनों को पुलिस ने शेषाद्रिपुरम के पास जकरयाणा केरे ग्राउंड में पार्क किया था।



सुबह इस इलाके में आग लगने की घटना हुई। अब तक 5 कारें, 5 ऑटो और 50 से अधिक बाइक जलकर राख हो चुकी हैं और आग और भी वाहनों तक फैल गई है। खबर मिलते ही चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम किया। सूत्रों ने बताया कि आग सिगरेट जलाने और जलती हुई माचिस की तीली सूखी घास पर फेंकने से लगी। आगे की जांच पड़ताल जारी है।

# दर्शन ने शस्त्र लाइसेंस के निलंबन को कोर्ट में दी चुनौती

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

रेणुकास्वामी हत्याकांड में आरोपी अभिनेता दर्शन ने अपने शस्त्र लाइसेंस के अस्थायी निलंबन को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया है। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी जमानत के बाद, पुलिस को दुरुपयोग की आशंकाओं के चलते दर्शन के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित करने का अनुरोध प्राप्त हुआ, जिसे पुलिस ने स्वीकार कर



लिया और दर्शन को इस बारे में नोटिस भेजा। हालांकि, अपनी याचिका में दर्शन ने दावा किया है कि उनकी प्रसिद्धि के कारण, उन्हें लगातार खतरा बना रहता है और इसलिए, उन्होंने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस हासिल किया था, जिसका निलंबन उन्हें रद्द करने की उम्मीद है। इसके अलावा, उन्होंने तर्क दिया है कि दुरुपयोग की आशंका मात्र लाइसेंस के निलंबन के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। हाईकोर्ट ने अभी इस संबंध में उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की है।

कर्नाटक भाजपा में अंदरूनी कलह

# हाईकमान एक तीर से तीन निशाना साधने की कर रहा कोशिश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक भाजपा इकाई की गुटीय राजनीति नाजुक दौर में पहुंच गई है। भाजपा आलाकमान को हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके बाद उसने राज्य इकाई में आमूलचूल परिवर्तन की रणनीति तैयार की है। यह लगभग तय है कि राज्य इकाई के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। इस समय का उपयोग करते हुए दो अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया है, मुख्य रूप से दोनों गुटों के बीच मतभेदों का स्थायी समाधान खोजने के लिए। अगर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होता है तो स्वाभाविक है कि हारने वाले गुट को झटका लगेगा। इसके बाद, आलाकमान को फिर से असंतुष्ट गतिविधियों में शामिल होने का डर सताने लगा। इसलिए, दोनों गुटों को विश्वास में लेने का निर्णय लिया गया है। राधा मोहन दास अग्रवाल के प्रभारी बनने का राज्य भाजपा इकाई पर ज्यादा असर नहीं पड़



रहा है। इसके अलावा, कुछ दिन पहले उनकी यात्रा से राज्य भाजपा में और भी उथल-पुथल मच गई। इसके अलावा, यतनाल और रमेश जारकीहोली ने खुले तौर पर उन पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया। इसलिए इस बार सूचना है कि केंद्रीय कृषि मंत्री और मोदी मंत्रिमंडल में सबसे चतुर राजनेता के रूप में जाने जाने वाले शिवराज सिंह चव्हाण को बातचीत के लिए बेंगलूरु भेजने का फैसला किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही कोर कमेटी में भी बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा आलाकमान ने अध्यक्ष पद का चुनाव हारने वाले गुट के नेताओं को कोर कमेटी में शामिल करने का फैसला किया है। तदनुसार, यह संभावना है कि शिवराज सिंह को बसवन गौड़ा पाटिल यतनाल, रमेश जारकीहोली, विजयेंद्र और आर. अशोक के साथ अलग-अलग चर्चा करने का निर्देश दिया जाएगा। इसके अलावा, आलाकमान ने पदाधिकारियों की सूची में भी आमूलचूल परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। विजयेंद्र पर यह भी आरोप है कि वह जिसे चाहते हैं उसे चुन लेते हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि इस मुद्दे को बदलने का निर्णय लिया गया है ताकि आगे कोई परेशानी न हो। आर. अशोक को बी. श्रीरामुलु से बातचीत करने का निर्देश दिया गया है, जो हाल ही में विजयेंद्र के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। यहां समझाने के बाद उन्हें नड्डा और अमित शाह से बातचीत के लिए दिल्ली भेजे जाने की संभावना जताई जा रही है। कुल मिलाकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही हाईकमान कोर कमेटी और पदाधिकारियों में बदलाव कर भाजपा के भीतर असंतोष को जड़ से खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कुछ करो और असंतोष को शांत करो, यही मूल भाजपा कार्यकर्ताओं का संदेश है।

## अनियंत्रित बस नाले में गिरी, बड़ा हादसा टला

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

धर्मस्थल से कादिरुद्यवारा होते हुए अलंददका जा रही एक निजी बस मंगलवार को मुंडाजे के सोमंतदका के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना शाम को हुई जब उजीरे और मुंडाजे होते हुए बस सड़क से उतर गई और सड़क किनारे नाले में रुक गई।



बस में बड़ी संख्या में छात्र सवार थे, जिनमें से कई को मामूली चोटें आईं। इलाके में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के कारण अस्थायी नाले बनाए गए हैं। ऐसा संदेह है कि स्टीयरिंग में खराबी या ब्रेक फेल होने के कारण बस नाले में जा गिरी। दुर्घटना स्थल के नीचे एक घर था, जहां बच्चे खेल रहे थे। एक बड़ा हादसा टल गया क्योंकि बस घर से कुछ ही दूर रुकी, जिससे आगे कोई नुकसान नहीं हुआ और लोग हताहत नहीं हुए। कई छात्र और यात्री घायल हो गए और उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। निर्माण स्थल के पास खुले लोहे के सुदृढीकरण ने अतिरिक्त खतरा पैदा कर दिया, क्योंकि दो बच्चे टूटी हुई सामने की विंडशील्ड से नाले में गिर गए। सौभाग्य से, वे लोहे की सलाखों के कारण सुरक्षित बच गए, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय लोगों और राजमार्ग निर्माण श्रमिकों ने तुरंत आपातकालीन स्थिति का सामना किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की।

## मोबाइल फोन की लत के कारण लड़के ने फांसी लगा ली

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

बेंगलूरु के बयादराहल्ली पुलिस स्टेशन के गोल्लाराहट्टी के रत्नानगर में मोबाइल फोन की लत के कारण 13 वर्षीय एक लड़के ने फांसी लगा ली। मृतक की पहचान ध्रुव के रूप में हुई है। उसने अपनी 9 वर्षीय बहन के सामने रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि बहन यह जाने बिना देख रही थी कि उसका भाई क्या कर रहा है।

पुलिस जांच में पता चला है कि ध्रुव अपने परिवार की बात सुने बिना अक्सर मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था। मंगलवार को उसके माता-पिता काम पर गए थे। घर पर केवल उसका बड़ा भाई और बहन ही थे। उस समय लड़के ने अपनी पैंट उतारकर और अपनी कमर की बेल्ट को पंखे से बांधकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लड़के ने शाम करीब 7 बजे आत्महत्या करने का प्रयास किया। फिर, रस्सी उसके गले में बंध गई और लड़का टुकड़ों में जमीन पर गिर गया। जब तक लड़का गिरा, तब तक उसकी मां काम खत्म करके वापस आ चुकी थी। घटना से घबराई मां ने पड़ोसियों की मदद ली और उसे अस्पताल ले गई। हालांकि, लड़के की जांच करने वाले डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## महाकुंभ मेले के भगदड़ में बेलगावी की मां-बेटी की मौत

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में कुचलकर घायल हुई बेलगावी की मां और बेटी की मौत हो गई है। मृतक के रिश्तेदार गुरुराज हुड्डारा ने बताया कि शहर के वडगावी निवासी ज्योति हटरावाथा (50) और उनकी बेटी मेघा हटरावाथा (18) की मौत हो गई है। घटना में घायल बेलगावी के चारों लोगों को प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



बताया जाता है कि इलाज के अभाव में उनकी मौत हो गई। सुबह से ही ज्योति का मोबाइल बज रहा था। लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। मोबाइल बजने से परिवार ने मान लिया था कि वह सुरक्षित है। तीन दिन पहले वडगावी क्षेत्र के 13 लोग सैराट ट्रैवल एजेंसी के जरिए प्रयागराज गए थे। इसके अलावा सरोजिनी धारीहल्ली और कंचन कोपार्डे के परिजनों को सूचना मिली कि उनके समेत कुछ अन्य लोग भी घायल हुए हैं। बेलगावी से लोग अलग-अलग समूहों में पिछले सप्ताह से प्रयागराज जा रहे हैं। कुछ लोग ट्रेन और फ्लाइट से यात्रा कर रहे हैं जबकि कुछ मिनी बसों और अन्य वाहनों से जा रहे हैं।

## बढ़ती मांग के बीच बिंदूर में तरबूज की खेती में उछाल

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

गर्मी का असर दिखने लगा है, ऐसे में फलों और फलों से बने पेय पदार्थों की मांग में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। इसकी उम्मीद में बिंदूर विधानसभा क्षेत्र के किरीमंजेश्वर, नागूर, नवुंदा, खंबाडाकोन और हेरानजालू समेत कई इलाकों के किसानों ने तरबूज की खेती बढ़ा दी है।



पिछले सालों के मुकाबले इस सीजन में तरबूज की खेती में विस्तार हुआ है। 2024 में जहां 147 एकड़ में खेती हुई थी, वहीं इस साल यह रकबा बढ़कर 183 एकड़ हो गया है।

तरबूज की ज्यादातर खेती बिंदूर होबली में होती है, जबकि वंडसे और कुंदापुर होबली में कुछ हिस्से हैं। कई किसानों के लिए तरबूज की खेती प्राथमिक आजीविका बन गई है। तरबूजों को पनपने के लिए पर्याप्त धूप की जरूरत होती है। पिछले साल पैदावार और बाजार भाव अनुकूल रहे थे। इस सीजन में मेलोडी किस्म का शुरुआती भाव खेतों में 12 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि नामधारी किस्म का भाव 15-16 रुपये प्रति किलोग्राम मिलने की उम्मीद है। किसानों ने बताया कि बाजार की मांग के आधार पर कीमतें अलग-अलग हो सकती हैं। बिंदूर तालुक में, तरबूज 183 एकड़ में उगाया जाता है, जिसमें अकेले नागूर में 80 एकड़ है। अन्य क्षेत्रों में हेरुर (25 एकड़), हेरानजालु (20 एकड़), बिजूर (15 एकड़), उप्पुंडा (10 एकड़), शिरुर (12 एकड़), नाडा (6 एकड़), नंदनवन (10 एकड़) और पडुवारी (5 एकड़) शामिल हैं। तालुक में उगाए जाने वाले तरबूज हर साल पड़ोसी जिलों और राज्यों को निर्यात किए जाते हैं। पिछले एक दशक से, इस क्षेत्र में तरबूज की खेती की जा रही है। इस साल, किरीमंजेश्वर में, किसानों ने 3.5 एकड़ जमीन लीज पर ली है, जिसमें 1.5 एकड़ में नामधारी किस्म और 2 एकड़ में मेलोडी किस्म लगाई गई है। एक किस्म के लगभग 17 टन तरबूज पहले ही काटे जा चुके हैं और 17 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचे जा चुके हैं। बाकी उपज जल्द ही बिकने की उम्मीद है।

हलगेरी की तरबूज किसान सुधा बलगर ने कहा गर्मियों में अधिक मांग की उम्मीद करते हुए, हमने पिछले सप्ताह एक एकड़ में फसलों का दूसरा चरण भी लगाया है। पिछली गर्मियों में तरबूज और नारियल पानी दोनों की काफी मांग देखी गई थी, जिससे इस साल तरबूज की खेती के तहत क्षेत्र में विस्तार हुआ है। तरबूज की खेती को बढ़ावा देने के लिए, बागवानी विभाग प्रति हेक्टेयर 20,000 रुपये और प्लास्टिक मल्चिंग के लिए 16,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की वित्तीय सहायता प्रदान करता है। तालुक का लक्ष्य 10 हेक्टेयर तक खेती का विस्तार करना है। 8 हेक्टेयर के लिए पहले ही आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, और सब्सिडी वितरित की जा रही है। प्लास्टिक मल्चिंग के लिए, लक्ष्य 5 हेक्टेयर है, और पात्र किसान सहायता का लाभ उठा सकते हैं। बागवानी विभाग के वरिष्ठ सहायक निदेशक निधिश केजे ने कहा यदि आवेदन निर्धारित लक्ष्य से अधिक हैं, तो हम उच्च अधिकारियों को अतिरिक्त सब्सिडी के लिए एक अलग प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

## सतीश जारकीहोली की टीम दुबई जाने के लिए तैयार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जब ऐसा लग रहा था कि हाईकमान के हस्तक्षेप के बाद कांग्रेस में सब कुछ शांत हो गया है, सतीश जारकीहोली की टीम ने दुबई की यात्रा की योजना बनाकर भ्रम का एक और दौर शुरू कर दिया है।

उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ अंदर ही अंदर खदबदा रहे जारकीहोली बंधुओं का यह व्यवहार कांग्रेस के लिए चर्चा का विषय बन गया है। इससे पहले पिछले दशहरा उत्सव के दौरान सतीश जारकीहोली ने अलग से दौरे का अपना प्रयास रोक दिया था। आलाकमान ने उन पर रोक लगा दी थी, क्योंकि वह करीबी विधायकों के साथ यात्रा पर जाने वाले थे। हालांकि सतीश जारकीहोली की यात्रा की पुष्टि हो गई, लेकिन इसे पूरी तरह से रद्द नहीं किया गया। हाल ही में डॉ. जी. परमेश्वर के नेतृत्व में कांग्रेस के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विधायकों ने अलग से बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था। हाईकमान ने उस पर भी रोक लगा दी थी। ऐसा कहा जा रहा है कि सतीश जारकीहोली, जिन्होंने एक समय कठोर राजनीति से तौबा कर ली थी, ने गुप्त रूप से अपने समर्थकों को विदेश यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। बताया जा रहा है कि करीब 25 विधायक दुबई की यात्रा पर जा रहे हैं, जिसका नेतृत्व सतीश जारकीहोली करेंगे।

मुडा घोटाला मामला

## 19 साइटों के अवैध आवंटन को लेकर जी टी देवेगौड़ा के खिलाफ शिकायत दर्ज

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



पूर्व मंत्री और जेडीएस विधायक जी.टी. देवेगौड़ा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर्नाटक लोकायुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) से अवैध रूप से 19 भूखंड हासिल किए हैं। शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने दर्ज कराई है। वह मुडा मामले में याचिकाकर्ता भी हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को मुख्य आरोपी बनाया गया है। कृष्णा ने कहा कि विधायक देवेगौड़ा ने अपनी बहन के बेटे महेंद्र के नाम पर देवनुरु गांव में सर्वे नंबर 81/2 वाली जमीन खरीदी है। कृष्णा ने कहा यह गलत तरीके से पेश किया गया कि अधिग्रहण के बाद मुडा ने इस जमीन के लिए मुआवजा नहीं दिया है और 50:50 अनुपात योजना के तहत 19 भूखंड अवैध रूप से हासिल किए गए। कृष्णा ने आगे कहा कि उन्होंने विधायक देवेगौड़ा को अवैध रूप से भूखंड आवंटित करने के संबंध में पहले ही एक याचिका प्रस्तुत की है। उस याचिका के अलावा, एक नई शिकायत के साथ, उन्होंने अब सबूत के तौर पर छह तस्वीरें प्रस्तुत की हैं, जिनमें कथित तौर पर विधायक देवेगौड़ा को उक्त भूमि के असली मालिक को चेक सौंपते हुए दिखाया गया है। कृष्णा ने अनुरोध किया है कि तस्वीरों में मौजूद व्यक्तियों से पूछताछ की जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मैसूरु के तहसीलदार ने गौड़ा की बहन के बेटे के नाम पर बिक्री विलेख निष्पादित किया और भूमि पर मकान बने होने के बावजूद इसे अभी भी कृषि भूमि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दस्तावेजों के आधार पर 19 भूखंडों का अवैध आवंटन किया गया। इसके अलावा, मुडा ने उक्त भूमि पर एक लेआउट विकसित किया और इसके बावजूद, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों ने विधायक देवेगौड़ा को भूखंड आवंटित करने के लिए इसे कृषि भूमि घोषित कर दिया।

विधायक जी.टी. देवेगौड़ा मुडा घोटाले के प्रकाश में आने के बाद से ही मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के साथ खड़े हैं।

उन्होंने सिद्धरामैया की खुलकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि सिद्धरामैया अपने अनुयायियों के राजनीतिक विकास का समर्थन करते हैं, जबकि उनके अपने पिछले अनुभवों में उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सीमित प्रगति देखी है। कृष्णा ने आरोप लगाया है कि मुडा द्वारा निहित स्वार्थों और सिद्धरामैया के समर्थकों को लगभग 4,000 से 5,000 साइटों का अवैध आवंटन किया गया है।

## विजयेंद्र ने महाकुंभ मेले में भगदड़ की दुखद घटना पर जताया दुख




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक भाजपा ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भगदड़ की दुखद घटना पर दुख जताया, जिसमें 40 से 50 श्रद्धालु घायल हो गए और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए सभी एहतियाती कदमों के बावजूद प्रयागराज में महाकुंभ मेले में सुबह भगदड़ की दुखद खबर आई, जिसके परिणामस्वरूप कई श्रद्धालु मामूली रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा रिपोर्टों से पता चलता है कि लगभग 40 से 50 श्रद्धालु मामूली रूप से घायल हुए हैं और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारे प्रधानमंत्री ने भी स्थिति का आकलन करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से फोन पर बात की है और केंद्र तथा राज्य सरकारें अतिरिक्त सावधानी बरतेंगी। विजयेंद्र ने कहा 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में पवित्र महाकुंभ मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु इस भव्य आध्यात्मिक समागम में शामिल हो रहे हैं। मैं ईमानदारी से प्रार्थना करता हूं कि तीर्थयात्रा में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालु सुरक्षित रहें और यह आयोजन अपने समापन तक सुचारू रूप से चलता रहे, जिससे उन्हें बिना किसी बाधा के दिव्य आशीर्वाद प्राप्त हो सके। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बुधवार को कहा कि उन्हें महाकुंभ मेले में राज्य के किसी श्रद्धालु के घायल होने की कोई खबर नहीं मिली है। प्रयागराज में महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान से पहले बुधवार तड़के भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री राम गौ सेवा मंडल ट्रस्ट के सदस्यों ने मौनी अमावश्या पर कोरमंगला प्राणी दया संघ गौशाला में हरे चारा का वितरण किया। साथ ही वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर श्री राम गौ सेवा मंडल ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे।*

